- प्लिंथ स्तर और लिंटेल स्तर हरैजंटाल बैंड (बक्से एक्सन विकसित करने के लिए) और वर्टिकल (छत और प्लिंथ के बीच उचित टाई - आप के लिए) बाक्से जैसी संरचना के रूप में व्यवहार करने के लिए निम्नलिखित कोडल विनिर्देश प्रदान किए गए हैं।

भवन डिजाइन और विकल्प

- राज्य भर विभिन्न मिट्टी की स्थितियों के अनुरूप विकसित नींव डिजाइन के प्रकार
- स्थानीय रूप से उपलब्ध निर्माण सामग्री का उपयोग (लैटराइट/ग्रानाइट/प्लाई एशईटें, पत्थर)
- निर्माण लागत को घटाने के लिए संशोधित आरसीसी डिजाइन

भवन में आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान

- ड्रिप कोर्स, प्लिंथ सुरक्षा, वर्षा जल तीव्रता से निष्कासन के उपाय आदि।

भवन के अन्य महत्वपूर्ण घटक :

- भिन्नक्षम छात्रों के लिए रैंप और हैडंरेल, सुरक्षा के लिए अग्निशमन उपकरण आदि प्रदान किए गए हैं।

आकर्षक और अधिगम वातावरण

- बच्चों के अनुकूल उपादान, जैसे स्पींग, स्लाइड, सी - सा आदि।
- अधिगम के घटक जैसे दीवार के चित्र, पैंटिंग, संख्या एवं घटक अक्षरों को ग्रील चॉक बोर्ड अधिगम कोना और विविध प्रकारों से सजाए गए बरामदे। pg - 30

2. 3.2 क्षमता निर्माण - 1

- निर्माण की गुणवत्ता के संबंध में एसएमसी के सदस्यों का क्षमता निर्माण
- निर्माण मैनुआल (स्थानीय भाषा / चित्तित प्रतिनिधित्व) निर्माण विनिर्देशों और प्रक्रियाओं (स्थानीय भाषा) की व्याख्या करने वाले पत्रक, संशोधित प्रशिक्षण मॉड्यूल
- डक्यूमंट्री फिल्म, प्रशिक्षण मॉड्यूल, भूमिका तथा जिम्मेदारियों के संबंध में सूचना देने वाले पत्रक, गुणवत्ता सुनिश्चित करने, डिजाइन विनिर्देशों और निर्माण प्रक्रियाओं आदि के लिए ओड़िआ भाषा में तैयार किया गया है।
- एसएमसी और इंजीनियरों के समतूल की भूमिका और जिम्मेदारियों के माध्यम से निर्माण कार्य की प्रक्रिया से परिचित कराने के लिए एसएमसी और इंजनियरों को नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- एक समान यूसी प्रारूप वित्त सलाहकार द्वारा आयोजित खातों के रखरखाव पर अलग से एसएमसी का प्रशिक्षण
- एमटीए का गठन और नियमित आधार पर एसएमसी (पाक्षिक) एमटीए का गठन और पीटीए बैठक सुनिश्चित करना।

2.3.3 क्षमता निर्माण - 2

स्टॉफ :

- गुणवत्ता नियंत्रण आय परीक्षण (व्यावहारिक प्रदर्शन), पर्यवेक्षण और निगरानी, बिल तैयार करने एवं यूसी जमा करने पर टीसी के लिए अर्धवार्षिक अभविन्यास कार्यक्रम।
- वर्तनान की स्थिति के अनुसार वरिष्ठ टीसियों की संख्या 30 जिलों में 31, टीसियों की संख्या 314 ब्लॉक में 269, यूएलबीएस में 02 और एसपीओ में टीसियों की संख्या 03

2.4 गुणवत्ता पर नियंत्रण :

रेत का परीक्षण :

- सूक्ष्म सैंड फिटनेस मॉड्यूल (SFM) का परीक्षण किया गया है जो 1.5 या उससे अधिक है। मोटी रेत के लिए फिटनेस मॉड्यूल (F.M) 2.5 से 3.5 के भीतर है। रेत के ग्रेडिंग चलनी विश्लेषण द्वारा मोटर चलनी शेकर से होती है।

ईंट परीक्षण :

- ईंट का जल अवशोषण परीक्षण के क्षेत्र के स्तर के अनुसार किया जाता है।
- ईंट की संपीड़न शक्ति का भी परीक्षण किया जाता है।
- ईंट की पेराई शक्ति का भी परीक्षण किया जाता है।

कंक्रिट परीक्षण

घन परीक्षण :

- 15x15x15 से.मी आकार के परीक्षण के अनुसार सीमेंट कंक्रेट की परीक्षण मशीन द्वारा दबाव शक्ति का परीक्षण होता है।
- भारी गिरावट का परीक्षण।
- भारी गिरावट का परीक्षण सर्वदा गाढ़ेपन निश्चित करने के लिए किया जाता है।

2.5 स्कूल सुरक्षा प्रावधान

स्कूलों के आधारभूत संरचनाओं के रूपांकन में भूकंप प्रतिरोधी संरचना, अग्नि सुरक्षा तथा प्राकृतिक आपदाओं के लिए प्रावधान (कई प्राकृतिक आपदाओं जैसे, चक्रवात्, बाढ़, भूकंप आदि को ध्यान में रखते हुए ऐसी आपदाओं का विरोध करने के लिए भवनों का मिर्माण किया जा रहा है। बाढ़ प्रवण क्षेत्रों में इमारतों को उच्च स्तर के प्लिंथ स्तर के साथ रूपांकन किया गया है। उद्घाटन, क्षैतिज और ऊर्वाधर बैंड के प्रावधान को चक्रवात् और भूकंप के मामले में सही स्थान पर रखा गया है।

2.6 माध्यमिक

- माध्यमिक स्कूलों के सिविल कार्यों का निष्पादन ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग तथा शहरी क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

2.6.1 नूतन विद्यालय

- नूतन माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय खोल गए हैं। यहाँ हर कक्षा फनीचर, पुस्तकालय, एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष, कला व शिल्पकला, शौचालय ब्लॉक, पेयजल, विद्युतीकरण आदि शामिल हैं।

2. 6. 2 आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण

- मैजूदा आधारभूत संरचना को मजबूत करने का प्रस्ताव यू - डाइस रिपोर्ट के आधार पर और आधारभूत संरचना के अंतराल के मुताबिक किया गया है। इसके अलावा अतिरिक्त कक्षा - कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर प्रकोष्ठ, पुस्तकालय जैसे कला और शिल्प कक्ष, शौचालय, पेयजल की सुविधा और विद्युतीकरण के अंतर्गत शामिल हैं।

2.6.3 बालिका छात्रावास (कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय - IV)

लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और लैंगिक असमानता को समाप्त करने के लिए अधिक संख्या में स्कूलों को लाने तथा उन्हें वहाँ रखने के प्रयास किए गए हैं। इस प्रकार इस योजना में शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक (EBBs) और उपरोक्त लक्षित समूहों की सघनता वाले क्षेत्रों में आवास और बोड़िंग सुविधाओं के सहित छात्रावासों की स्थापना की परिकल्पना की गई है ताकि छात्राओं को सामाजिक कारकों के कारण अपनी पढ़ाई जारी रखने के अवसर से वंचित न किया जाए। इस योजना का एक अन्य उद्देश्य यह है कि माध्यमिक और उच्चस्तर माध्यमिक शिक्षा को अधिक मात्रा में छात्राओं के लिए सक्षम बनाना आवश्यक है।

गतिविधियाँ

- त्रुण मूल स्तर पर योजना बनाना।
- आवश्यकताओं के आधार पर मूल्यांकन का अध्ययन।
- गतिविधियों को प्राथमिकता
- सीमित उपलब्ध निधि से सही समय पर उचित गतिविधि के लिए धन जुटाना एवं उपयोग करना।
- परियोजना को यथासंभव वास्तविक रूप देने के लिए अन्य अभिकरणों से संभाव्य संसाधनों की खोज करना।

2.6.4 पास - पड़ोस का वातावरण :

विद्यार्थियों को आकर्षित करने में स्कूल के वातावरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्युतीकरण के साथ पर्याप्त कक्षाओं की आधारभूत संरचना, स्वस्थ स्वच्छता की स्थिति, पूरे वातावरण में बहुत सारी वनस्पतियों के साथ विस्तृत खेल का मैदान आदि विद्यार्थियों के समुचित सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत जरूरी है। इसके कारण उनकी उपस्थिति की संख्या में भी वृद्धि होती है।

2.6.5 शौचालय :

- छात्रों में स्कूल में दाखिला लेने के समय से ही स्वच्छता की आदत डालनी होगी। समग्र शिक्षा व्यक्तिगत स्वच्छता के ऐसे मामलों में छात्रों को शिक्षित करने और उनकी सुरक्षा के लिए सरकारी स्कूलो में छात्र और छात्राओं के लिए अलग - अलग शौचालय निर्माण कराती है। छात्राओं के शौचालय के लिए भस्मक का प्रावधान किया गया है। इनके कुछ चित्र (इनसिनेटर) नीचे दिए गए हैं।

2.6.6 पेय जल :

जीवन की मूलभूत जरूरत है, जल। राज्य के लगभग सभी स्कूलों में छात्रों और शिक्षकों के लिए पेटजल की सुविधा है। सभी स्कूलों में गंदे पानी के निष्कासन की व्यवस्था है। स्कूल परिसर में पानी जमकर न रहे, इसकी पूरी व्यवस्था हो रही है।

अतिरिक्त कक्षा - कक्ष

भौतिक उपलब्धियाँ

आधारभूत संरचनात्मक विकास

प्रारंभिक

क्र.सं	गतिविधियाँ	भौतिक उपलब्धियाँ				
		2021 - 22 तक क्यूमलेटिव लक्ष्य	पूर्ण	प्रगति जारी	शुरू नहीं है	% पूर्णता दर
A	**प्राथमिक**					
1	बीआरसी	169	169	0	0	100%
2	सीआरसी	1970	1960	3	7	99%
3	नए पीएस	8773	8579	113	81	98%
4	नए यूपीएस	8444	8249	78	117	98%
5	उन्नत यूपीएस के बदले एसीआर	948	869	73	6	92%
6	आवासीय स्कूल	4	1	1	2	25%
7	आवासीय छात्रावास	30	30	0	0	100%
8	कम पीएस का निर्माण	854	793	38	23	93%
9	कम यूपीएस का निर्माण	342	340	1	1	99%
10	जीर्ण पीएस	564	544	15	5	96%
11	जीर्ण यूपीएस	456	453	3	0	99%
12	अतिरिक्त कक्षा - कक्ष	62346	60478	1235	633	97%
13	अतिरिक्त कक्षा कक्ष (कक्षा - VIII)	14315	13915	193	207	97%
14	एच.एम. कमरे (पीएस)	2705	2520	79	106	93%
15	एच.एम. कमरे (यूपीएस)	2315	2147	79	89	93%
16	वीआरसी तालिम हॉल	316	249	19	48	79%
17	शौचालय	144889	13863	489	646	92%
18	बालिकाओं के लिए शौचालय	50185	48013	1121	1051	96%

19	सीडब्लूएसएन शौचालय	32196	30683	921	592	95%
20	अक्रियाशील बालकों का शौचालय	1099	969	38	92	88%
21	अक्रियाशील बालिका शौचालय	1235	1067	63	105	86%
22	जल की सुविधा	7260	6957	1	302	96%
23	चहार - दीवारी	945	945	0	0	100%
24	बिजली	6091	5524	308	259	91%
25	अलगाव की दीवार	147	21	0	126	14%
26	सी.आफ.ई (बाला)	52877	52877	0	0	100%
27	रेलिंग के साथ रैंप	21580	20973	71	536	97%
28	अन्यान्य	129	129	0	0	100%
29	प्रमुख मरम्मत (पीएस)	2883	2426	331	126	84%
30	प्रमुख मरम्मत (यूपीएस)	2573	2145	300	128	83%
31	सौर पेनल	16	0	0	16	0%
कुल		298765	287888	5573	5304	96ज़
B	माध्यमिक					
1	नए स्कूल	874	763	68	43	87%
मौजूदा बुनियादी ढांचे को मजबूत करना						
2	एसीआर	3248	2608	174	466	80%
3	विज्ञान लैब	2090	1704	104	282	82%
4	कंप्यूटर कक्ष	1302	1072	70	160	82%
5	लाईब्रेरी	2015	1653	103	259	82%
6	कला/शिल्प/ कमरा	1363	1068	84	211	78%
7	लड़कयों का शौचालय	965	871	21	73	90%
8	लड़कों का शौचालय	980	866	30	84	88%
9	पेय जल	865	815	12	38	94%
10	सौर पेनल	24	0	0	24	0
कुल		13726	11420	666	1640	83%
C	**उच्च माध्यमिक**					
1	नए स्कूल	7	0	1	6	0%

2. 8. कस्तरबा गाँधी बालिका विद्यालय (KGBV) छात्रावास के भवन की स्थिति

क्रम संख्या	गतिविधि	क्यूमेलेटिव	भौतिक प्रगति (क्यूमेलटिव)			
		लक्ष्य	पूर्णता	प्रगति	शुरू नहीं हुआ	% की पूर्णता
1	केजीबीवी प्राथमिक भवन	182	182	0	0	100%
2	केजीबीवी भवन (टाइप - IV) (माध्यमिक)	173	129	41	3	75%

3. RTE अधिनियम 2009 (प्रवेश स्तर) के दौरान 12 (1) (C) के अनुभाग में 25% प्रवेश में प्रतिपूर्ति शुल्क 943 बच्चों के प्रवेश के लिए आरटीई अधिनियम - 2009, अनुभाग 12 (1) (C) के तहत 25% प्रवेश के लिए प्रतिपूर्ण शुल्क योजना के नर्म के अनुसार सुनिश्चित है।

गतिविधि	भौतिक (बच्चे)
आरटीई अधिनियम - 2009, 12 (1) (C) के तहत 25% प्रवेश के लिए प्रतिपूर्ति शुल्क	943

विभिन्न सामाजिक बाधित दल और कमजोर विभाग की बच्चों के गुणात्मक शिक्षा के लिए समान शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है।

4. मुफ्त पाठ्य पुस्तकें

आरटीई और एसएसए के तहत ओड़िशा के सभी अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति और सामान्य लड़कियों को कक्षा । से VIII तक सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल ओड़िशा के मदरसे को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई गईं। राज्य स्तरीय समिति की बैठक के निर्णय के अनुसार पाठ्य - पुस्तक टीबीपी और एम, भुवनेश्वर द्वारा प्रस्तुत की गई हैं एवं समस्त ब्लॉक केंद्रों को (एबीईओ - सह - बीआरसी पाइंट) आपूर्ति की गईं। राज्य की जरूरतों के अनुसार 30 जिलों के स्कूली केंद्रों से भी आपूर्ति की गई है। 2020, दिसंबर महीने में पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति शुरू हो गई है और 100% एनटी पुस्तकें पुनः स्कूल खोलने के लिए (ग्रीष्मावकाश) राज्य के 30 जिलों को पुस्तकों की आपूर्त्ति की गई है।

सत्र	लाभार्थियों की संख्या (प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल)	निगरानी प्रबंधन	मुद्दों को संबोधित करने की रणनीतियाँ
2021 - 22	4440968	जिले के सभी नोडल अधिकारी सभी (बीईओ - सह - बीआरसीसी /सीआरसीसी /एचएम/ एसएमसी सदस्य आदि	सभी एचएम/सीआरसीसी/ एवीईओ - सह - बीआरसीसी/ एसएमसी /सदस्य /बीईओ /डीपीसी पाठ्य पुस्तकों के वितरण के बारे में मुदों पर संबोधित करेंगे।

सुरभि - 2021 पर एक झलक

सामुदायिक लामबंदी गतिविधि पर फोकस

- कोविड पर जागरूकता
- बच्चों की नियमित उपस्थिति और प्रतिधारण सुनिश्चित करना
- स्कूलों में समुदाय की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना
- स्कूलों में बच्चों के स्कूल छोड़ देने (ड्रॉपआउट) की संख्या कम करना; विशेषतः समाज के हाशिए में रहनेवाले बच्चों तथा कमजोर बच्चों के।
- बच्चों की माध्यमिक शिक्षा को सफलतापूर्वक पूर्ण करना।
- सार्वजनिक पहुँच, समानता और गुणवत्ता पर निगरानी करना।
- आरटीई अधिनियम - 2009 के तहत बाल अधिकार
- स्कूल की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए माता - पिता, समुदाय, पीआरआई समुदाय के नेता, शिक्षाविद्, युवा क्लवों को प्रेरित करना
- समुदाय के सदस्यों द्वारा स्कूल के स्वामीत्व को सुनिश्चित करना।

2021 - 22 में गतिविधियाँ

- 21, जून 2021 को योग विषय पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (IDY) का वर्चुआल अवलोकन 'घर पर योग और परिवार के साथ योग'।
- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत गतिविधियाँ

5. सामुदायिक लामबंदी

यह एक विशेष कार्यक्रम है। इससे लोगों की जागरुकता और माँग बढ़ती है। यह संसाधनों और सेवाओं के वितरण में सहायता करने, स्थिरता और आत्म - निर्भरता एवं सामुदायिक भागीदारी मजबूत करने के लिए अधिकाधिक हितधारकों को एकत्रित करने की प्रक्रिया है। जब समुदाय के विभिन्न हिस्सों के लोग एक बराबर लक्ष्य साझा करते हैं और जरूरतों की पहचान करते हैं और समाधान के लिए सक्रिय रूप से भागीदारी होते हैं तब बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। लामबंदी समुदाय को सशक्त बनाने में सहायता करती है और उन्हें अपने स्वंय के विकास को आरंभ करने तथा नियंत्रित करने में सक्षम बनाती है।

यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो बच्चों की गुणवत्ता, समानता, सीखने के परिणाम में सुधार के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करती है। इसमें व्यक्तियों समूहों, संगठनों की योजना बनाने, कार्यान्वित करने और सहभागी विचारों पर गतिविधियों का मूल्यांकन होता है। यह शैक्षिक और सह - शैक्षिक दोनों क्षेत्रों में दिन - प्रतिदिन की स्कूली गतिविधियों के साथ समुदाय के सदस्यं को सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करता है।

समुदाय की सक्रिय भागीदारी भी अत्यधिक समानता, गुणवत्ता और सामुदायिक स्वामीत्व को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जो शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम - 2009 के संदर्भ में समग्र शिक्षा (एसएस) का आदर्श है।प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी के साथ स्कूलों के सामाजिक, क्षेत्रीय, लैंगिक अंतर को भी पाटा जा सकता है। यह जरूरी है कि लोग माता - पिता, अभिभावक, एवं स्थानीय अधिकारियों के सदस्यों के रूप में अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में अच्छी तरह से अवगत हों और उन्हें स्कूल के विकास के लिए स्वतंत्रता दी जाए।

राज्य ने सदैव स्कूली शिक्षकों को सामुदायिक भागीदारी की भूमिका, महत्व, स्कूल के विकास के लिए अवदान तथा गुणात्मक शिक्षा के लिए समझने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। समूदाय के सदस्यों में गुणात्मक शिक्षा विकास के लिए सक्रिय प्रतिभागिता पर विभिन्न गतिविधियाँ निम्न में प्रदत्त हैं।

- फिर इंडिया फ्रीडम रन, फिट इंटिया कुइज, फिट इंडिया स्कूल सर्टिफिकेशन, फिट इंडिया स्कूल विक आदि।
- एक भारत, श्रेष्ठ भारत
- 20 अगस्त, 2021 को सद्भावना दिवस का पालन
- सितंबर 01 से 15 सितंबर, 2021 तक स्वच्छता पखवाड़ा
- 31 अक्टूबर, 2021 को शपथ ग्रहण और राष्ट्रीय दिवस का पालन
- 26 नवंबर, 2021 को संविधान दिवस का पालन
- सुरभि
- 12 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय युवा दिवस का पालन
- 21 फरवरी, 2022 को मातृभाषा दिवस का पालन
- सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन
- समग्र शिक्षा की उपलब्धियों के प्रकाशन
- गुरु दिवस और शिशु दिवस पर संदेश का प्रकाशन
- ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता
- विषय : 'स्थायीत्व और परिपत्रता के जरिए प्लैस्टिक, कचरे के बिना भविष्य' पर निबंध प्रतियोगिता।
- आतिशबाजी के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना और उच्च ध्वनि तीव्रता की मापन इकाई का उपयोग
- माननीय मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री के संदेशों का विमोचन
- कोविड पोस्टरों का विकास और वितरण
- विभिन्न विज्ञापनों, संदेशों और दस्तावेजों आदि का विमोचन
- परीक्षा पे चर्चा, 2022 का पंजीकरण स्कूलों में छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों का अवलोकन।
- राज्य व्यापी माता - पिता - शिक्षकों - अभिभावकों की बैठक (PTM)
- शिक्षा सचेतनता रथ
- सृजनी (SRUJANI) - डिसप्ले बोर्ड

मीडिया और सामुदायिक लामबंदी 2021 - 22 के तहत प्रगति

क्र.सं.	गतिविधियाँ		उपलब्धि
		शारीरिक	शारीरिक
1.	मीडिया और सामुदायिक लामबंदी (प्राथमिक)	47247	47247
2.	मीडिया और सामुदायिक लामबंदी (माध्यमिक)	5789	5789
	कुल	53036	53036

परीक्षा पे चर्चा - 2022

INSTALL
Pariksha Pe Charcha 2022 : PM
Narendra Modi's interaction with Exam ..
BREAKING
NEWS

6. एसएमसी / एसएमडीसी परीक्षण

- **स्कूल प्रबंधन समिति का गठन और प्रकार्य**

स्कूल प्रबंधन समिति का गठन और प्रकार्य प्रबंधन और विकास समिति (SMDC) द्वारा जारी संशोधित दिशा - निर्देशों के अनुसार प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के अनुसार प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के सहित राज्य रके स्कूलों में गठित की गई है। एस और एमई विभाग, अधिसूचना संख्या 3766, दिनांक 20.02.2018 और पत्र संख्या 3764 दिनांक 20.02.2018 क्रमशः निर्देशावली भेजी गई।

स्कूल प्रबंधन समिति (SMC) और स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति (SMDC) सदस्य

47247 स्कूलों के एसएमसी सदस्यों और 5789 स्कूलों के एसएमडीसी सदस्यों के लिए स्कूल स्तर पर नवीकरण प्रशिक्षण कराया गया। यह प्रशिक्षण त्रिदिवसीय था जो एसएमसी / एसएमडीसी प्रशिक्षण मॉड्यूल सहयोग (SAHAYOG) कोविड - 19 प्रोटोकल के आधार पर है।

एसएमसी / एसएमडीसी प्रशिक्षण2021 - 22 के तहत प्रगति।

क्र.सं.	गतिविधियाँ	लक्ष्य	उपलब्धि
		शारीरिक	शारीरिक
1.	एसएमसी प्रशिक्षण (प्राथमिक)	47247	47247
2.	एसएमसीसी प्रशिक्षण (माध्यमिक)	5789	5789
	कुल	53036	53036

6.1 माता - पिता - शिक्षक - अभिभावक बैठक

संपूर्ण राज्य में माता - पिता - शिक्षक - अभिभावक बैठक (पीटीएम) 11 दिसंबर, 2021 को कक्षा VIII से कक्षा X तक (सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त) के छात्रों के लिए 29567 स्कूलों में आयोजित की गई है। इसमें 9.37,018 अभिभावकों ने भाग लिया। लगभग दो साल के बाद स्कूल फिर से खोलने से पहले 26 फरवरी, 2022 को 46338 स्कूलों में दूसरी राज्य व्यापी अभिभावक शिक्षक बैठक भी आयोजित हुई। इस बैठक में 17,53,501 माता - पिता - अभिभावक शामिल हुए।

7. अनुसंधान, मूल्यांकन और आकलन

7.1 . अनुसंधान, मूल्यांकन और आकलन

शिक्षण और अनुसंधान दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। यह पॉलिसी निर्माता एवं शैक्षिक प्रशासकों के लिए उपयुक्त निर्णय लेने के लिए दृढ़ बुनियादी नींव डालता है। शोध परिणाम उचित गुणात्मक शिक्षा की वृद्धि के लिए शिक्षकों, पॉलिसी निर्माता एवं हितधारकों की मदद करता है।

7.2. ओएससीपीसीआर (OSCPCR)

बच्चे अपने को प्रभावित करने के मुद्दों के संबंध में खुले आम अपने सुविचार रख सकते हैं। यह उनका अधिकार है। उन्हें अपनी प्रगति को हासिल करने के लिए सही वातावरण मिलना चाहिए। बच्चों के अधिकार के साथ कानून, नीतियाँ, कार्यक्रम वं प्रशासनिक यांत्रिकी की जुड़ने चाहिए। हमारे राज्य में सन् 2010 से बच्चों के अधिकार की सुरक्षा के लिए ओड़िशा राज्य आयोग कार्य करता रहता है। यह आयोग केवल अधिकार के उल्लंघन के लिए अभियोग निपटाने के उद्देश्य से बहुत सक्रिय है। उपयोग द्वारा आयोजित गतिविधियाँ निम्न प्रकार की हैं :

- बच्चों के संबंधित नियम कार्यान्वित करने में तीन प्रमुख अधिनियम की प्रक्रियाएँ हैं। मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के लिए बाल अधिकार (RCFCE) अधिनियम, 2009, यौन क्रिया अपराध, 2012 और किशोर न्याय देखभाल और सुरक्षा बाल अधिकार अधिनियम - 2005।
- बाल अधिकार के उल्लंघन पर प्राप्त शिकायतों को संबोधित करना।
- समाचार - पत्रों में प्रकाशित मुद्दों पर ध्यान देना।
- विभिन्न स्थानों में कैंप कोर्ट पर प्रकाश डालना।
- स्कूल परिदर्शन और निगरानी करना।
- आरटीई और आयोग के क्षेत्रों के कार्यों के लिए क्षमता निर्माण अभ्यास करना।
- बाल अधिकार पर आईईसी सामग्री विकसित करना और आयोग की कार्यप्रणाली पर ध्यान देना।
- अन्य राज्यों को दौरा करना।

आयोग के लिए बच्चों के सारे अधिकार समान महत्व के हैं। ओएससीपीसीआर के पक्ष में समग्र - शिक्षा के तहत शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ओसेपा, ओड़िशा राज्य सरकार के जरिए अनुदान जारी किया गया है।

<u>ओएचआरसी, एनएचआरसी, एनसीपीसीआर के साथ कार्यकरना</u>

आरटीई अधिनियम लागू होने के कारण हर बच्चे का मौलिक अधिकार शिक्षा बन गई है। स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना राज्य की जिम्मेदारी बन गई है। अधिनियमों के उल्लंघन से संबंधित मुद्दों, मामलों और ओएसआरसी,

एसएचआरसी, एनसीपीसीआर से छात्रों द्वारा प्राप्त समस्याओं को संबोधित किया गया है। माननीय एनएचआरसी, एनसीपीसीआर से प्राप्त दिशानिर्देशों को सभी संबोंधित हितधारकों को वितरित किया गया।

30 मार्च, 2022 को कीट विश्वविद्यालय भुवनेश्वर के परिसर में ओएससीपीसीआर और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एमएफएसयू) के सहयोग से सीपीसीआर एनसीपीसीआर द्वारा आयोजित 'पॉक्सो' (POCSO) पीड़ितों की सहायता के कार्यान्वयन और पहलुओं में बाधा डालने वाले कारकों पर एक राज्य स्तरीय बैठक हुई।

30 मार्च, 2022 को केआईआईटी परिसर, भुवनेश्वर में ओएससईपीसीआर और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनेफएसयू) के सहयोग से एनसीपीआर द्वारा आयोजित पॉक्सो : पीड़ितों को सहायता के पहलुओं और कार्यान्वयन में बाधा डालने वाले कारक पर क्षेत्रीय परामर्श बैठक।

8. अधिगम वृद्धि / संवर्धानात्मक कार्यक्रम

अधिगम वृद्धि कार्यक्रम (एलईपी) एक गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम है। यह ओड़िशा सरकार द्वारा प्राथमिक स्तर पर उन छात्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि करने के लिए शुरू किया गया है जो अधिगम के अपने न्यूनतम स्तर को प्राप्त नहीं कर रहा है।

एलईपी कार्यक्रम के तहत कक्षा IV से VIII तक पुस्तकों का मुद्रण और वितरण एस एंड एमई विभाग के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सभी स्कूलों में किया गया है।

8.1 टीवी / रेड़ियो/ ऑनलाइन (प्रारंभिक) के माध्यम से कक्षा संव्यवहार :

सन् 2021 - 22 के दौरान महामारी की स्थिति के कारण सरकार ने टीवी चैनल के माध्यम से कक्षा संव्यवहार किया। ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से घरेलू वातावरण में बच्चों को निर्बाध शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए कोई पहल नहीं थी। यह उन्होंने टीवी चैनल, यूट्यूब चैनल, हवाटसएप ग्रुप के साथ रेडियो में ही किया।

ओडिशा शिक्षा संयोग :

'ओड़िशा शिक्षा संयोग' एक डिजिटल अधिगम कार्यक्रम है जो हवाटसऑप ग्रुप के माध्यम से कोविड - 19 महामारी के लॉक डाउन के समय शिक्षण - अधिगम गतिविधि में छात्रों को शामिल करने के लिए लागू किया गया है। कक्षा / विषय के शिक्षकों ने शिक्षण सामग्री को साझा करने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर विभिन्न कक्षाओं के छात्रों के साथ व्यक्तिगत हवाट्स्एप ग्रुप बनाया है। इस कार्यक्रम में कक्षा II कक्षा X तक के छात्रों ने भाग लिया है। ई - सामग्री जैसे, लिखित स्पष्टीकरण, वीडियो स्पष्टीकरण, ऑडियो क्लिप आदि विभिन्न डिजिटल प्लैटफॉर्म से संग्रह करके शिक्षकों द्वारा विकसित किए जाते हैं। इन सामग्रियों को कार्यक्रम के लिए गठित कक्षावार हवाट्सऐप ग्रुप में साझा किया जाता है। अपेक्षित शिक्षण परिणामों पर आधारित कार्य - फर्द को शिक्षण सामग्री भेजने के बाद छात्रों के साथ साझा किया जाता है। संबंधित हवाट्सएप ग्रुप में छात्रों की शंकाओं को स्पष्ट करने के लिए विषय शिक्षक ऑन - लाइन में काम करते हैं। शाम को माता - पिता की सहायता से मूल्यांकन अथवा मूल्यांकन के लिए उत्तर - कुंजी पोस्ट की जाती है। पुनः स्कूल खोलने के बाद शिक्षकों को भौतिक सत्यापन के लिए सारे कार्य - फर्द को उनके उत्तरों के साथ अपनी नोटबुक में रिकार्ड करने के लिए कहा गया है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों में शिक्षण सामग्री को पोस्ट करने के लिए, जिला स्तर पर एक विस्तृत समय - सारणी तैयार की गई है। माता - पिता अपने बच्चों के साथ शिक्षण - अधिगम की गतिविधियों में व्यस्त रहे और अध्यापन के मामलों पर उद्यानों शिक्षकों के साथ चर्चा भी की।

यह कार्यक्रम पहले खुर्द्धा जिले में शुरू किया गया था और बाद में पूरे राज्य में इसका विस्तार किया गया है। यह देखकर खुशी होती है कि राज्य के बाहर कई शिक्षकों ने टीएलएम प्रस्तुत कर स्व - रिकॉर्ड वीडियो पाठ बनाए हैं। उन्होंने इसे छात्रों को समझाने और ग्रुप में दूसरे गुण वालों को भी उपयोग करने के लिए साझा किया है।

8.2. शिक्षा दर्पण (दूरदर्शन के माध्यम से वीडियो पात्रों का प्रसारण) :

शिक्षादर्पण एक ऑनलाइन कार्यक्रम है। यह कोविड - 19 महामारी की स्थिति के दौरान बच्चों को दौरान करने घरेलू वातावरण में शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। दूरदर्शन ओड़ियो चैनल के माध्यम से प्राथमिक और माध्यमिक छात्रों के लिए कक्षावार, विषयवार वीडियो पाठ रिकॉर्ड किए गए एवं प्रसारित भी किए गए। प्रतिदिन पाठों का प्रसारण तीन चरणों में साढ़े चार घंटे की अवधि के लिए किया जाता था। यानी सुबह 09 बजे से 10 बजे तक दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक एवं दोपहर 3.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक प्रसारण सप्ताह में पाँच दिन यानी सोमवार से शुक्रवार तक किया जाता था। इसके लिए एक विस्तृत प्रसारण कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ और इसे राज्य से लेकर स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को प्रसारित किया गया। डीडी ओड़िया चैनल के जरिए प्रसारित कक्षाओं में अपने बच्चों को शामिल करने के लिए तथा माता - पिता के बीच जागरुकता पैदा करने के लिए शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई। दर्शकों की संख्या और उस पर कार्यावाही के प्रतिशत का आकलन करने के लिए गुगली शीट के माध्यम से दैनिक निगरानी की गई।

8.2 शिक्षादर्पण (दूरदर्शन के माध्यम से वीडियो पाठों का प्रसारण) :

शिक्षादर्पण एक ऑनलाइन कार्यक्रम है। यह कोविड - 19 महामारी की स्थिति के दौरान बच्चों को घरेलू वातावरण में शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। दूरदर्शन ओड़ियो चैनल के माध्यम से प्राथमिक और माध्यमिक छात्रों के लिए कक्षावार, विषयवार वीडियो पाठ रिकॉर्ड किए गए एवं प्रसारित किए गए। प्रतिदिन पाठों का प्रसारण तीन चरणों में साढ़े चार घंटे की अवधि के लिए किया जाता था। यानी सुबह 09 बजे से 10 बजे तक दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक प्रसारण सप्ताह में पाँच दिन यानी सोमवार से शुक्रवार तक किया जाता था। इसके लिए एक विस्तृत प्रसारण कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ और इसे राज्य से लेकर स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को प्रसारित किया गया। डीडी ओड़िया चैनल के जरिए प्रसारित कक्षाओं में अपने बच्चों को शामिल करने के लिए तथा माता - पिता के बीच जागरुकता पैदा करने के लिए शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपा गई। दर्शकों की संख्या और उस पर कार्यवाही के प्रतिशत का आकलन करने के लिए गुगली शीट के माध्यम से दैनिक निगरानी की गई।

8.3 यू - ट्यूब लाइव स्ट्रीमिंग कक्षाएँ

यू - ट्यूब लाइव स्ट्रीमिंग कक्षाएँ ऑनलाइन के माध्यम से पढ़ाने का एक और वैकल्पिक तरीका है।

कक्षा । से XII तक की कक्षाओं के संव्यवहार के लिए कुल 14 यू - ट्यूब चैनल बनाए गए हैं। कक्षा वार रिकॉर्ड करने के लिए 25 स्टूडियो स्थापित किए गए। विषयवार और विषय - वार कक्षा में संव्यवहार्य कक्षा । से XII की विषयवार सामग्री को रिकॉर्ड किया गया है और यू - ट्यूब पर अपलोड किया गया बच्चे अपने अवसर समय शिक्षण अवलोकन कर सकें । कक्षा । से VIII के लिए कुल 10690 यू - ट्यूब कक्षाएँ संचालित की गई हैं और संबंधित चैनल के माध्यम से

संबंधीय लिंक साझा किया गया है। इसके बाद जागरूक माता - पिता के लिए कदम उठाए गए ताकि उनके बच्चों को यू - ट्यूब कक्षाएँ देखने में सुविधा हों।

8.4 रेडियो पाठशाला

रेडियो पाठशाला कोविड महामारी की स्थिति के दौरान वैकल्पिक शिक्षण पहल का एक अन्य तरीका है। इस पहल के तहत रिकॉर्ड किए गए पाठों को ऑलइंडिया रेडियो, कटक के माध्यम से प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा I से VIII तक की कक्षाएँ शामिल हैं। विषय वार, कक्षा वार और अध्याय वार सामग्रियों की ऑडियो रिकार्डिंग सोमवार से शुक्रवार तक आकाशवाणी, कटक केंद्र के माध्यम से की जाती है और प्रसारित भी की जाती है। यह प्रसारण कार्यक्रम स्कूल के सभी बच्चों को उनके शिक्षकों के माध्यम से की जाती है और प्रसारित भी की जाती है। यह प्रसारण कार्यक्रम स्कूल के सभी बच्चों को उनके शिक्षकों के माध्यम से किया जाता है। संबंधित राज्य से लेकर स्कूल के शिक्षक अपने संबंधित बच्चों को कार्यक्रम की सूचना देते हैं। कार्यक्रम की समयावधि रोज सुबह 11 बजे से 12 बजे तक एक घंटे तक है। इसके अलावा छात्रों और अभिभावकों के संदर्भ के लिए मॉड्यूल ई - पाठशाला के माध्यम से ओसेपा (OSEPA) पोर्टल में ऑडियो पाठ उपलब्ध कराए जाते हैं।

ऑनलाइन कक्षा के बावजूद उन बच्चों के समूह को शिक्षा सहायता प्रदान करने के लिए कदम उठाए गए हैं जिनके पास अनुपलब्ध नेटवर्क कनेक्शन या स्मार्ट फोन उपलब्ध न होने के कारण डिजिटल डिवाइस तक पहुँच नहीं है। सामुदायिक शिक्षण, वैकल्पिक इंटरनेट कार्यक्रम ऑफलाइन मोड़ में पहल की जाती है।

8.5 वैकल्पिक इंटर्नशिप कार्यक्रम (AIP)

एसएंडएमई विभाग, ओड़िशा सरकार के निर्णय के अनुसार ओड़िशा के डायट (DIET) के गुरु - छात्रों को संपूर्ण राज्य के विभिन्न स्कूलों में नियुक्त किया गया है। लगभग 10,000 इंटर्न ने अपने इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत घर - घर जाकर बच्चों को शैक्षिक सहायता दी। इस कार्यक्रम की निगरानी संबंधित सीआरसीसीएस (CRCC) और ब्लॉक के बीईओ द्वारा की गई।

8.6 सामुदायिक शिक्षण

सामुदायिक शिक्षण कक्षा I से VIII तक के छात्रों को उनके इलाके में पहुँचने के लिए शिक्षण का एक अन्य वैकल्पिक उपाय है। शिक्षण स्थल कोई सामुदायिक स्थान, भवन, ग्राम सभास्थल भी हो सकता है। उक्त गतिविधि की पूरी योजना प्रधान शिक्षक संपन्न करते हैं।

पहले प्रधान शिक्षक अपने फीडर गाँव से बच्चों की संख्या का पता लगाता है और प्रत्येक गाँव के छात्रों की संख्या को छोटे समूह यानी 5 - 10 में विभाजित कर दिया जाती है। एक शिक्षक को एक गाँव की जिम्मेदारी दी गई है। फिर माता - पिता और एसएमसी सदस्यों के परामर्श से शिक्षण के लिए उचित स्थानों की पहचान की जाती है। एक विस्तृत कार्यक्रम अनुसूची तैयार की जाती है जिसमें समय, स्थान और आवंटित शिक्षक आदि के साथ गाँव के पढ़ाए गए नाम के विषयों पर प्रकाश डाला जाता है और संदर्भ के लिए सभी संबंधीय लोगों को भेजा जाता है। ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों को ट्रैक करने के लिए मूवमेंट रजिस्टर बनाई जाती है।

9. अधिगम वृद्धि / संवंर्धनात्मक कार्यक्रम (माध्यमिक)

1. प्रस्ताव / परियोजना का नाम

अधिगम वृद्धि कार्यक्रम यानी 'उत्कर्ष' (UTKARSH) सरकार ने माध्यमिक स्कूल के कक्षा IX के छात्रों के लिए उसे कार्यान्वित किया है।

अधिगम में वृद्धि के लिए 'उत्कर्ष' कार्यक्रम के माध्यम से 9वीं कक्षा के छात्रों की मूलभूत दक्षताओं को मजबूत करके उन्हें उपयुक्त ग्रेड में रखने तथा सिखाने के उद्देश्य से मुख्य विषय ओड़िया, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान आदि विषयों को सीखने के अंतराल को पाटने में सहायता करता है। कोविड - 19 के कारण विस्तारित स्कूल बंद हो गए। तब इस कार्यक्रम की रूपरेखा को पुनः रूपाकंन किया गया। A. Y में एक वैकल्पिक दृष्टिकोण अपनाया गया। 2021 - 22 में यानी 'उत्कर्ष' 'होम बेस्ड लर्णिंग इनिशिएटिव'। यह पहल 95 घंटों तक जारी रहने का कार्यक्रम है जो 10 सप्ताह से अधिक तक चलता है। इसे एस एंड एमई विभाग द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2021 - 22 के दौरान सरकारी कक्षा - 9वीं के सभी छात्रों के लिए लागू किया गया है।

इस पहल की प्रमुख विशेषताएँ :

क) छात्रों और शिक्षकों के लिए मुद्रित संसाधनों का प्रावधान

ख) संसाधन व्यक्तियों (RP) और शिक्षकों का 'उत्कर्ष' पर उन्मुखीकरण और नवीकरण ऑन - लाइन मोड से ही इसका वैकल्पिक कार्यान्वयन हुआ है।

ग) यू - ट्यूब लाइव कक्षाएँ जून 2021 में दो घंटों के लिए आयोजित की गई जिसमें रोज 04 घंटियाँ रहीं। राज्य के शिक्षा संयोग ह्वाटसएप ग्रुप का लाभ उठाते हुए एक दिन पहले छात्रों के साथ यू - ट्यूब लिंक साझा की गई।

घ) जुलाई और अगस्त, 2021 में रोज 3 मिनट के लिए यू - ट्यूब रिकॉर्डिंग कक्षाओं का प्रिमिअर किया गया। यू - ट्यूब लिंक और वर्क - शीट शिक्षा संयोग ह्वाट्सऐप ग्रुपके साथ साझा की गयी।

ङ) गुणवत्ता आश्वासन स्कूल ह्वाटसएप ग्रुप के माध्यम से हुआ।

च) अधिगम स्तर का आकलन : प्रारंभिक मूल्यांकन के बाद छात्रों के सीखने के स्तर आकलन करने के लिए ऑनलाइन आधारभूत मूल्यांकन आयोजित किया गया। समाप्तिसूचक मूल्यांकन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से आयोजित किया गया। बेसलाइन और एंडलाइन स्कोर की तुलना एवं विश्लेषण प्रगति मूल्यांकन किया जा रहा है।

छ) प्रशासित छात्रों की संख्या : 3,67,366 छात्र हैं।

2. बेसलाइन परीक्षा में मूल्यांकन किए गए छात्रों की भागीदारी और अधिगम स्तर :

राज्य के 30 जिलों में कक्षा III, V, VIII (बहुविकल्पीय प्रश्न) की दक्षताओं और स्तरों को निर्दिष्ट करने के लिए कक्षा X के छात्रों के लिए ऑनलाइन बेसलाइन मूल्यांकन प्रशासित है।





3. परिणाम :

i) बेसलाइन में अच्छी भागीदारी - 92% स्कूल (4,479) और 89% छात्र (औसत सभी विषयों में, 86% (अंग्रेजी) से 92% (गणित) तक के छात्रों के पास स्मार्टफोन और इंटरनेट है।

ii) कक्षा IX के अधिकांश छात्र सभी विषयों (ओड़िया - 74%, अंग्रेजी - 76%, गणित 73%, विज्ञान 83%) में कक्षा V की दक्षता या उससे कम है।

iii) कक्षा VIII दक्षता रखने वाले छात्र गणित में 27% सबसे अधिक उसके बाद ओड़िया में 26% अंग्रेजी में 24% और विज्ञान में सबसे कम 17% रखते हैं।

iv) जिलों का (30) विश्लेषण करने से 50% छात्र कक्षा III या उसके नीचे सभी 30 जिलों में गणित और ओड़िया में, 20 जिलों में अंग्रेजी और 13 जिलों में विज्ञान में है।

4. यू - ट्यूब पर स्ट्रीम किए गए उत्कर्ष वीडियो का ऑपटेक चार विषयों में उत्कर्ष सामग्री के दृश्य



5. गुणात्मक आश्वासन

प्रेक्षण	उत्कर्ष यू-ट्यूब सत्र में योग देने के लिए शिक्षकों का छात्रों के साथ संसाधनों का स्पष्ट अनुदेश बताकर साझेदारी	शिक्षक रोजाने का काम पूर्ण करने के लिए निर्दिष्ट कार्यफर्दों की संख्या बताना।	छात्रों के पूछे गए प्रश्नों को अत्यंत ध्यान से सुनना	स्कूल के शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त संसाधनों का विकास	छात्र उर्कष कक्षाएँ ध्यान देकर देखते - सुनते हैं या नहीं, शिक्षकों की जाँच	कार्य फर्द अपलोड करने के औसत छात्र	कार्य - फर्द में शिक्षकों का छात्रों के साथ निश्चित या समेकित की भागीदारी
1,084	94%	92%	82%	56%	93%	49%	83%

6. अच्छी प्रथाओं का पालन

- वीडियो सामग्री, डिजिटल वर्कशीट और मुद्रित वर्कशीट के प्रावधान के साथ ऑनलाइन उपचारात्मक कक्षाएँ आयोजित की गईं।
- अधिगम नुकसान को ट्रैक करने के लिए ऑनलाइन बेसलाइन, एंडलाइन और फॉरमेटिव एसेसमेंट आयोजित किए गए।
- शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया को ट्रेक करने के लिए ह्वाटसऐप ग्रुप के माध्यम से गुणवत्ता आश्वासन पर निरगानी आयोजित की गई थी।
- इस प्रक्रिया में सामान्य त्रुटियों की पहचान और हार्ड स्पर्ट को आकलन करने के लिए कार्य - पत्रकों का मूल्यांकन किया गया था।
- उत्कर्ष यू ट्यूब सत्र में भाग लेने और संबंधित कार्य - पत्रकों को पूर्ण करने के लिए छात्रों के साथ स्पष्ट संदेशों को समयानुसार साझा किया गया।
- शिक्षकों के छात्रों के प्रश्नों की प्रतिक्रिया और वर्कशीट पर समेकित प्रतिक्रिया के साथ साझा की गई।
- छात्रों को अपने कार्य - पत्रकों को पूर्ण करने के लिए नियोजित और प्रोत्साहित किया गया।

- आतिरिक्त जरूरतों पर आधारित अधिगम के संसाधन विकसित किए गए। तत्सहित शिक्षकों द्वारा नूतन कार्यन्वयन विधियों का विकास किया गया।

उत्कर्ष गतिविधियाँ एलईपी की झलक

Resources of Learning Enhancement Programme

बेसलाइन मूल्यांकन ऑनलाइन प्रदर्शित करने वाले छात्र

Students appearing End line Assessment Offline

Students appearing Offline Assessment tests at schools







Learning videos premiered through YouTube

Nudges through Posters

10. इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता - 2021

इंटर स्कूल बैंड स्कूल बैंड प्रतियोगिता स्कूल के छात्रों के बीच एकता और देश भक्ति पैदा करने के लिए शुरू हुई है जो बैंड के साथ प्रदर्शित है। एक स्कूल बैंड विशिष्ट रूप से स्कूल में एकता, अपनापन और गर्व की गहरी भावना का प्रोत्साहित करता है। 2021 सत्र के लिए इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता वर्चुआल मोड पर आयोजित की गई थी। इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक छात्रों ने संबंधित स्कूलों में अपना माम दर्ज कराया। स्कूल में बैंड प्रतियोगिता ऑफ - लाइन मोड पर आयोजित की गई थी और इसकी रिकॉर्डिंग भी हुई थी। कैपिटल हाईस्कूल भुवनेश्वर में राज्य स्तरीय इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कैपिटल हाई स्कूल में जूरी के एक पैनल द्वारा संबंधित स्कूल की वीडियो रिकार्डिंग की कल्पना और मूल्यांकन किया गया था। बैंड प्रतियोगिता में दो टीमों, लड़कों की एक टीम यानी कैपिटल हाई स्कूल, भुवनेश्वर और लड़कियों की एक टीम यानी पद्मपुर विजेता टीम को एक प्रमाण - पत्र और एक ट्रॉफी प्रदान की गई। इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों की भागीदारी की तस्वीरें नीचे दी गई है :

2021 में बरगढ़ जिला, सरकारी बालिका उच्च विद्यालय, पद्मपुर की बैंड प्रतियोगिता की प्रस्तुति

2022 में कैपिटल हाई स्कूल यूनिट - 3, भुवनेश्वर, खर्द्धा में बैंड प्रतियोगिता की प्रस्तुति

खुर्द्धा सरकारी हाई स्कूल, यूनिट - 9, भुवनेश्वर, में बैंड प्रतियोगिता 2021 की प्रस्तुति

2021 को सरकारी हाई स्कूल यूनिट - 2, भुवनेश्वर, खुर्द्धा में बैंड प्रतियोगिता की प्रस्तुति

2021 में सरकारी बॉयज हाई स्कूल ICR गाँव, भुवनेश्वर खोरधा में बैंड प्रतियोगिता की प्रस्तुति

2021 में सरकारी बालिका हाई स्कूल ICR गाँव, खोरधा में बैंड प्रतियोगिता की प्रस्तुति

2021 में संबलपुर जिले के बुर्ला सरकारी विद्यालय में बैंड प्रतियागिता की प्रस्तुति

11. कला उत्सव

11.1. कला उत्सव : विरासत का परिचय

कला उत्सव स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय (MoE) भारत सरकार की एक पहल है जिसे 2015 में स्कूल की कलात्मक प्रतिभा का पोषण और प्रदर्शन करके शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के लिए आरंभ किया गया था। शिक्षा मंत्रालय माध्यमिक स्तर के छात्रों के सौंदर्य शास्त्र और कलात्मक अनुभव के महत्व की पहचान करता है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इसकी जीवंत विविधता के बारे में जागरूकता पैदा करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। शिक्षा के संदर्भ में कला (नृत्य, संगीत, दृश्य कला और शिल्प) की पहल राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 (NCF - 2005) की सिफारिशों द्वारा निर्देशित हैं। देश की विविध सांस्कृतिक विरासत का पता लगाने, आदान - प्रदान और अनुभव करने और एक मंच बनाने के लिए एनईपी के इस दृष्टिकोण को कला उत्सव, 2021 में शामिल किया गया है। कला उत्सव 2021 का फोकस पारंपारिक लोक और शास्त्रीय कलारूपों की किसी भी शैली पर है।

प्रतियोगिताओं के लिए निम्नलिखित कला रूपों को शामिल किया गया था :

- गायन संगीत : शास्त्रीय
- गायन संगीत : पारंपारिक लोकनृत्य
- वाद्य संगीत : शास्त्रीय
- वाद्य संगीत : पारंपरिक लोक संगीत
- नृत्य : शास्त्रीय
- नृत्य : लोकनृत्य
- दृश्यकला : (2 - आयामी)
- दृश्यकला : (3 - आयामी)
- देशी खिलौने और खेल

कला उत्सव, 2021 में किसी भी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूल के IX, X, XI और XII के छात्रों ने भाग लिया।

कला उत्सव, 2021 एनसीईआरटी (NCERT) के दिशा - निर्देशों के अनुसार वर्चुआल मोड पर आयोजित किया गया था। यह ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, जोनल स्तर और राज्य स्तर पर आयोजित किया गया था। प्रतियोगिताओं के प्रदर्शन की वीडियो रिकॉर्डिंग का मूल्यांकन जिला स्तर और जोनल स्तर पर जूरी के एक पैनल द्वारा किया गया था। राज्य स्तरीय कला उत्सव छह क्षेत्रों अर्थात् बरगढ़, बालेश्वर, बलांगीर, कटक, खुर्द्धा और कोरापुट में ऑफ - लाइन मोड में किया गया था। इस प्रदर्शन का मूल्यांकन एसपीओ में हुआ था। राज्य स्तरीय कला उत्सव 2021 में 90 प्रतिभागियों का चयन किया गया। राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव 2021 में 18 प्रतिभागियों को चयन किया गया।

कटक जिले के चिन्मय कुमार दास ने शास्त्रीय नृत्य में प्रथम, खुर्द्धा जिले के श्री स्वाधीन कुमार दास लोक नृत्य में राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव 2021 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बरगढ़ की कुमारी ग्रेसी निशा सिंघाल ने राष्ट्रीय स्तर के द्वितीय स्थान हासिल किया।

राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव 2021 में कटक जिले के चिन्मय कुमार दास द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति

राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव 2021 में अनगोल जिले के अनुस्का महाकूड द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति

राष्ट्रीय कला उत्सव 2021 में कलाहांडि जिले के ग्रेसी निशा सिंघाल द्वारा वोकल म्युजिक की प्रस्तुति

राष्ट्रीय कला उत्सव 2021 में खुर्द्धा जिले के स्वाधीन कुमार दास द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुति

राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव 2021 में सुंदरगढ़ के रिसिका अग्रवाल द्वारा 2डी विजुआल आर्ट प्रदर्शन

राष्ट्रीय स्तर कला उस्तव 2021 में बरगढ़ जिले के दृश्य कला 2डी ईशान कुमार नंद द्वारा प्रस्तुति

राष्ट्रीय स्तर कला उत्सव 2021 में कोरापुट जिला में देशी खिलौनों और खेलों पर प्रस्तुति संध्या धंगड़ा मांझी

राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव 2021 में कलाहांडि जिले के श्री सत्यब्रत नियास द्वारा पारंपारिक लोक संगीत प्रस्तुत।

राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव 2021 में कोरापुट जिले के श्री अनंत खिला द्वारा वाद्य लोक संगीत की प्रस्तुति

राष्ट्रीय स्तर कला उत्सव पर सुंदरगढ़ जिले की मिस श्रिया श्रीवास्तव द्वारा वाद्य संगीत परिवेषण



12. आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता

मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता का तात्पर्य स्कूली शिक्षा के आधारभूत सोपानों के दौरान व्यापक साक्षरता और संख्यात्मक कौशलों का निर्माण करना है। नई शिक्षा नीति, 2020 इसे एक तत्काल राष्ट्रीय मिशन बनाती है। यह साझा करती है कि सार्वभौमिक आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता की प्राप्ति राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता इसमें शामिल है। एफएलएन के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

- प्रारंभिक ग्रेड पठन, लेखन, संख्यात्मकता और समझ को मजबूत करना।
- प्राथमिक ग्रेड, लेखन, समझ और गणित को मजबूत करना।

उपरोक्त उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए 2021 - 22 के दौरान की गई गतिविधियाँ निम्न - लिखित है :

क) संसाधन सामग्री / गतिविधि की हस्त - पुस्तिका की तैयारी

शिक्षक के लिए किसी विषय को समझने और उसके मुताबिक कक्षा शिक्षण को संचालित करने के लिए ज्ञान के स्तर को उन्नत करने के लिए प्रत्येक शिक्षक को संसाधन सामग्री, जैसे - शिक्षक पुस्तिका, गतिविधि पुस्तिका आदि प्रदान करनी चाहे। शिक्षकों के लिए चार हस्त - पुस्तिकाएँ प्रदान करनी चाहिए। शिक्षकों के लिए चार हस्त - पुस्तिकाएँ (ग्रेड । और ग्रेड ॥ के लिए) @ 2 प्रति कक्षा के तहत विकसित की गई हैं जो टीई व एससीईआरटी की निगरानी से होती है। एफएलएन सामग्री के साथ कक्षाओं को संचालन करने में शिक्षकों के लिए हस्त पुस्तिका सहायता करती है।

ख) बच्चों के लिए नवीन शिक्षण विधियों के कार्यान्वयन के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री का विकास :

ग्रेड । से ग्रेड ।।। तक प्रत्येक बच्चे की प्राथमिक शिक्षा का बुनियादी आधार स्तर है। इसे संख्या और साक्षरता के क्षेत्र में बच्चों के कौशलों को बढ़ाकर मजबूत करना चाहिए। इस संदर्भ में कार्यशाला मोड़ के जरिए सामग्री के प्रकारों का विकसित हुआ है। राज्य द्वारा एफएलएन पहल के तहत शिक्षण तथा शिक्षण सामग्री की कुल 15 किस्में विकसित हुई हैं। इन सभी सामग्रियों को एफएलएन मिशन जनादेश के अनुरूप विकसित किया गया है। इसकी सूची नीचे दृष्टव्य है : विकसित सामग्रियों का वितरण चरणबद्ध तरीके से प्रस्तुत है।

एफएलएन शिक्षण

एफएलएन मॉड्यूल और प्रशिक्षण की तैयारी

12.1 . एफएलएन (FLN) पर शिक्षकों और अन्य क्षेत्राधिकारियों का क्षमता - निर्माण :

प्रारंभिक कक्षा के बच्चों के बीच साक्षरता और संख्यात्मक कौशल को मजबूत करने के लिए राज्य भर में लगभग 50,000 समर्पित शिक्षकों का चयन हुआ है। उन्हें एफएलएन (FLN) शिक्षकों के रूप में नामित किया गया है। प्रत्येक स्कूल में समर्पित एफएलएन शिक्षकों का चयन किया गया था लेकिन स्कूल के प्राथमिक खंड की संख्यानुसार संख्या भिन्न होती है। इन समर्पित शिक्षकों की सूची राज्य और जिला स्तर पर उपलब्ध है। एफएलएन समर्पित शिक्षकों का चयन होने के समय ध्यान में रखे गए कुछ मानदंड हैं; जैसे - गतिविधि आधारित शिक्षाशास्त्र पर शिक्षकों की कौशल - पूर्णता, बच्चों की सामाजिक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति पर शिक्षकों की समझ, साक्षरता और संख्यात्मक शिक्षाशास्त्र पर शिक्षकों का ज्ञान, दक्षता और दृष्टिकोण आदि।

शिक्षकों की एफएलएन सामग्री के उपयोग पर चार - दिवसीय मॉड्यूल विकसित किया गया है। एसआरजी, सीआरसीसी, बीआरसीसी, एबीईओ, बीईओ एडीईओ और डीईओ के फील्ड स्तर पर एफएलएन कार्यक्रमों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। एक परामर्श मंडल के माध्यम से दीक्षा (DIKSHA) 180 एसआरजी 1985 डीआरजी 400 डीआईईटी संकायों और 4500 सीआरसीसी के साथ प्राथमिक भाषा, साक्षरता तथा संख्यात्मकता पर तीन सप्ताहों तक एक दीर्घ पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया गया था। यह पाठ्यक्रम जुलाई 2021 से सितंबर 2021 तक जारी रहा।

12.2. विद्या प्रवेश मॉड्यूल की तैयारी के लिए कार्यशाला :

विद्या प्रवेश NIPUN BHARAT भारत सरकार की एक पहल है, यानी मौलिक साक्षरता और संख्यात्मकता पर राष्ट्रीय मिशन। इसका उद्देश्य उन सभी बच्चों के विकसात्मक और अधिगम की जरूरतों को पूर्ण करना है। जो ग्रेड - । में प्रवेश करते हैं और जिनके पास कोई प्री - स्कूल अनुभव है या जिनके पास कोई पूर्व प्री - स्कूल अनुभव नहीं है या हो भी सकता है। सभी शिक्षकों को बच्चों के प्रवेश को सुगम, निडर और आनंदमय बनाने के लिए स्कूली शिक्षा में

दस्तावेज में मदद करेगा। स्कूली तैयारी कार्यक्रम को ग्रेड - 1 की शुरूआती तीन महीनों के लिए डिजाइन और कार्यान्वित करने के लिए सुझाव दिया गया है। इसे रोज चार घंटों के लिए किया जा सकता है। यह एक नाटक आधारित शिक्षाशास्त्र का अनुसरण करता है और विकासात्मक रूप से उपयुक्त गतिविधियों और स्थानीय खेल सामग्री के उपयोग पर जोर देते हुए अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देता है। बच्चों की वृद्धि, विकास और सीखने में माता - पिता तथा समुदाय की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए सचेत प्रयास किए गए हैं। तीन महीने के मॉड्यूल का नमूना भारत सरकार द्वारा साझा की गई है। राज्य ने राज्य की आवश्यकता के अनुसार कुछ संसाधनों के साथ इसका भाषांतर और रूपांकन किया गया है।

12.3 परियोजना प्रबंधन इकाई का गठन

बच्चों के पढ़ने और अर्थपूर्ण ढंग से समझने के लिए साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) की आवश्यकता है। तत्सहित वास्तविक जीवन में बुनियादी गणितीय कार्यों का उपयोग करने के लिए भी यह जिम्मेदार है। भारत सरकार ने कक्षा III तक सभी बच्चों में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) सुनिश्तित करने के लिए NIPUN BHARAT के तहत मिशन शुरू करने की पहल की है। मिशन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए राज्य तथा जिलों में प्रबंधन परियोजना इकाई स्थापना की गई है ताकि एफएनएल लक्ष्य को हासिल करने के लिए आरंभ की गई विभिन्न परियोजनाओं की गतिविधियों की सुविधा, कार्यान्वयन, समन्वय और निगरानी की जा सके। मासिक बैठक आयोजित की जाती है और क्षेत्रीय स्तर पर बेहतर कार्यान्वयन के लिए बैठकों की टिप्पणियों पर कदम उठाए जाते हैं।

(एसपीडी, ओसेपा और निदेशकों टीई एंड एससीईआरटी की संयुक्त रूप से अध्यक्षता में एएलएन एसपीएमयू बैठक)

13. पुस्तकालय अनुदान

वाचन की आदत का महत्व

वाचन से नई बातें सीखी जाती हैं। एक व्यक्ति जितना अधिक पढ़ता है, उतना ही अधिक सीखता है। पढ़ने की आदत स्कूल में एक युवा प्रभावशाली उम्र में सबसे अच्छी तरह से होती है। लेकिन एक बार आदत हो जाने के कारण यह जीवन को स्थायी रूप में बनाए रख पाती है। समग्र संसार और उसके पर्यावरण के बारे में जानने के लिए एक बच्चा किताबें, समाचार पत्र और अन्य पत्र - पत्रिकाओं को पढ़ने के माध्यम से खुदको भी मदद करता है। एक बार जब बच्चे को पढ़ने और किताब पढ़ने के प्रति प्रेम जागृत करना सिखाया जाता है तो वह अपने लिए मानवीय अनुभव और ज्ञान के धन का पता लगा सकता है। इसलिए यह महसूस किया जाता है कि स्कूलों को विशेष रूप से चयनित पुस्तकालय से पुस्तकों का सेट प्रदान करने और शिक्षकों को इन पुस्तकों का उपयोग करने के लिए उन्मुख करना आवश्यक है। इससे कक्षा में दिन - प्रतिदिन अधिगम - शिक्षण की प्रक्रिया समृद्ध होती है।

13.1 वाचन अभ्यास बढ़ाने में स्कूल पुस्तकालय की भूमिका

प्रत्येक स्कूल में पुस्तकालय नामक इस विशेष स्थान की आवश्यकता को राष्ट्रीय पाठचर्या की रूपरेखा (NCF - 2005), बच्चों के मुड और अनिवार्य शिक्षा अधिकार का नियम 2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा मान्यता प्राप्त है।

पुस्तकालय स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र बिंदु है। यह अवसर और फुर्सत समय बिताने की सबसे अच्छी जगह है। हमें सबसे अच्छी कंपनी प्रदान करती है, किताब। जब हम बेकार, एकांत, मुक्त और ऊब जाते हैं तब यह हमें समय बिताने के लिए खूब मदद करती है। यह वैयक्तिक और सामूहिक सीखने को बढ़ावा देता है। छात्रों की शब्दावली विकसित करने, अपनी समझ बढ़ाने, मन ही मन पढ़ने की आदत विकसित करने और छात्रों के बीच समस्या समाधान के उन्नत दृष्टिकोण विकसित करने में किताब ही मदद करती है। आज जब ज्ञान में बहुत तेजी से जबरदस्त विस्फोट होता है तब पाठ्यपुस्तकें आज के विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारियाँ प्रदान करती हैं और आत्म - शिक्षण कौशल को विकसित करती हैं।

13.2. पुस्तकालय गतिविधियाँ :

- प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के लिए वाचन की समझ कौशल में सुधार लाने के लिए खजाना सुराग की खेल पद्धति का उपयोग करके आनंदमय शिक्षण की रणनीति लागू हुई है।

- महामारी के दौरान स्कूल बंद रहने के दिनों को फलदायी रूप से उपयोग करने के लिए स्वतंत्र और समूह में पढ़ने के लिए सामुदायिक शिक्षण की कक्षाओं में पुस्तकालय की किताबें वितरित की गई।
- लेखन कौशल, रचनात्मकता में सुधार करने के लिए, छात्रों को एक कहानी लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया था जो उन्होंने पहली पढ़ी थी या उसी तरह की कहानी को फिर से बनाने और कहानी कहने के सत्रों में बताने के लिए प्रोत्साहित किया गया था।
- लेखन और विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने के लिए छात्रों को पुस्तक की एक साहित्य समीक्षा लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
- छात्रों की उनकी परियोजना कार्य के लिए पुस्तकालय में पुस्तकों को देखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
- एक समर्पित पुस्तकालय कक्ष के अभाव में पुस्तकालय का उपयोग करने के लिए रीड़िंग - कर्नर कक्षा पुस्तकालय का कार्य हुआ जिससे अर्थपूर्ण अवसर का समय अतिवाहित हो सके।
- एक सप्ताह में कम से कम दो घंटियाँ पुस्तकालय संबंधी गतिविधियों के लिए समर्पित हैं।
- ई - लाईब्रेरी की कार्यप्रणाली और छात्रों द्वारा इसके उपयोग पर जोर दिया गया।

13.3 पुस्तकालय अनुदान

- लाभार्थियों / स्कूलों की संख्या - 53036
- प्रगति विवरण : चयनित प्रकाशन संस्थाओं के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। एबीटी भारत : सीआईआईएल, मैसूर; साहित्य अकादमी प्रकाशन विभाग, एमओएलबी, क्षेत्रीय प्रकाशक आदि समग्र शिक्षा अनुदान के तहत प्रावधानित निधि को पूरी तरह से उपयोग करके ओड़िशा के लक्षित स्कूलों में पुस्तकालय की किताबें खरीदी और वितरित की गईं।
- पीएबी दिशा - निर्देशों के अनुसार सरकार पब्लिसिंग हाउसेस और क्षेत्रीय/स्थानीय प्रशासक से आयु / ग्रेड की उपयुक्त पुस्तकों का चयन करने के लिए पुस्तकों का चयन समिति का गठन हुआ है।
- डिजिटाल फॉर्म, स्कूल मॉनिटरिंग एप के जरिए जिले के सभी नोडल अधिकारॉ, सभी बीईओ / सीआरसीसी/ प्रधान शिक्षकों को लेकर मॉनिटरिंग मैकानिजम हुआ।
- मुद्दे तथा दिशा - निर्देशों को संबंधित करने की रणनीतियाँ जारी हुईं। समीक्षा बैठक, कमांड कंट्रोल सेंटर का समर्थन, नोडल अधिकारियों का शारीरिक दौरा तथा जिला अधिकारियों का दौरा भी हुआ।

13.4. आनंदमय अधिगम दृष्टिकोण

- माध्यमिक विद्यालयों में ई - लाइब्रेरी प्रणासी विकसित की गई जिसके तहत कई उपकरणों पर पहुँच प्रदान करने के लिए दूरस्थ, वीडियो, ऑडियो आदि का उपयोग किया जाता है। राज्य द्वारा निर्मित और प्रदान की गई डिजिटॉल सामग्री को दूरस्थ स्थानों में इंटरनेट संयुक्त के बिना बाधा मुक्त पहुँच के लिए ई - लाइब्रेरी सिस्टम में ऑपलोड किया गया था।

Students enjoying e-library

Posters

Library Book Reading Scenario

Individual/Group Reading




Pleasure Reading

Knowledge Exploration through Pleasure Reading

14. खेलकूद और शारीरिक शिक्षा

स्कूलों में खेलकूद से बच्चों और शैक्षिक प्रणालियों से अत्यधिक लाभ होता है। कई क्षेत्रों में बच्चों के शारीरिक, सामाजिक, संज्ञानात्मक तथा जीवन - शैली के विकास के संदर्भ में फायदा होता है। खेल - कूद में बच्चों के मौलिक आनंद - कौशल और शारीरिक दक्षताओं के विकास में विशिष्ट योगदान की क्षमता है जो बाद की जीवन - शैली और शारीरिक गतिविधियों में भागीदारी के आवश्यक अग्रदूत हैं। वे भी सामाजिक कौशल, व्यवहार, आत्म - सम्मान और स्कूल समर्थ दृष्टिकोण एवं कुछ परिस्थितियों में अकादमिक और संज्ञानात्मक विकास के लिए उचित रूप से प्रस्तुत किए जाते हैं।

शारीरिक शिक्षा बच्चों के प्रति प्रेम विकसित करने में मदद करती है, मन तथा शरीर के एकीकृत विकास में योगदान देती हैं, स्वास्थ्य में एरोबिक और एनारोबिक शारीरिक गतिविधि में एक प्रकार की समझौता विकसित करती है ; सकरात्मक रूप से आत्म - विश्वास और आत्म को बढ़ाती है एवं सम्मान, सामाजिक तथा संज्ञानत्मक विकास और शैक्षणिक उपलब्धियाँ बढ़ाती हैं।

शारीरिक शिक्षा दूसरे लोगों से मिलने, संवाद करने विभिन्न सामाजिक भूमिकाएँ निभाने विशेष सामाजिक कौशल (जैसे सहनशील और दूसरों के लिए सम्मान) सीखने और सामूहिक उद्देश्यों को (सहयोग और सामंजस्य) समायोजित करने के अवसर प्रदान करती है और वह उन भावनाओं का अनुभव कराती है जो शेष जीवन में उपलब्ध नहीं है।

समग्र शिक्षा पूर्व विद्यालय से उच्च माध्यमिक स्तर तक एक एकीकृत। समग्र विद्यालय प्रणाली प्रदान करने को प्रास करती है। यह स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर बच्चों के संक्रमण की सुविधा प्रदान करेगी। यह बच्चों को स्कूली शिक्षा पूरी करने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद करेगी। इस योजना का दृष्टिकोण शिक्षा पूरी करने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद करेगा। योजना का दृष्टिकोण शिक्षा के लिए सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुसार पूर्व स्कूल से वरिष्ठ - माध्यमिक स्तर तक समोवेशी और समान गुणवत्तावली शिक्षा सुनिश्चित करता है।

समग्र शिक्षा के तहत पहली बार खेल उपकरण के लिए वार्षिक अनुदान का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक सरकारी स्कूल को खेलकूद अनुदान के रूप में प्राथमिक, विद्यालयों के लिए 5000/- आए एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए 10.000/- रुपए इनडोर और आउटडोर खेलों के लिए खेल उपकरण की खरीदी पर खर्च को पूरा करने के लिए माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए 25,000 /- रुपए दिए गए।

मालकानगिरि जिले का हॉकी टीम

15. पूर्व - विद्यालयी शिक्षा

03 से 06 वर्ष के आयु वर्ग या प्रारंभिक वर्षों में उभरने वाली सर्वांगीण क्षमताएँ स्कूल और भविष्यत के जीवन में परवर्ती सफलता के लिए पूर्वापेक्षाएँ हैं। रचनात्मक खेल, खेल विकास के दोष से उपयुक्त गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को उनकी कार्य स्मृति शक्ति बढ़ाने अपना ध्यान केंद्रित करने और आत्म - नियंत्रण प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया जा सकता है।

पूर्व - स्कूली शिक्षा के उद्देश्य

1. बच्चों के व्यक्तित्व को सर्वांगीण विकास को बढ़ाना।
2. वैयक्तिक, सामाजिक, भावनात्मक, कौशल और शारीरिक स्वास्थ्य का विकास
3. रचनात्मक और सौंदर्य का विकास
4. भाषा, साक्षरता और संचार विकास
5. बच्चों को घर से विकास और प्री - स्कूल से प्राईमरी स्कूल में सुचारूरूप से संक्रमण के लिए तैयार करना।
6. बच्चों के ड्रॉप आउट की जाँच करना और भाई - बहन की देखभाल में राहत प्रदान करना।

डब्लू एंड सीडी विभाग के साथ अभिसरण बैठक

1. अंगनबाड़ी केंद्रों की कुल संख्या - 74154
2. अंगनबाड़ी कर्मियों की कुल संख्या - 74154
3. अंगनबाड़ी में नामांकित छात्रों की संख्या - 15, 00000
4. स्कूल में सह - अवस्थित अंगनबाड़ी की संख्या - 21601

प्रगति
